पंजाब केसरी 03/12/2024

'गीता से ही होगा समस्याओं का समाधान'

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में गीता पर आधारित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 2 दिसम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रांगण में सोमवार को गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज का अनुसरण करते हुए हिन्दी और संस्कृत विभागों के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को स्वामी ज्ञानानंद जी के प्रवचनों से परिचित करवाया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि आज के युग में गीता का अनुसरण परम आवश्यक है, क्योंकि गीता ही ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा हर एक समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि गीता के नित्य अध्ययन से सांख्य योग, कर्म योग, ज्ञान योग, भक्ति योग एवं अध्ययन योग इत्यादि से सरलता से परिचित हुआ जा सकता है। आज के आधुनिक युग में वेदों एवं गीता की ओर अग्रसर होना समय की मांग है।

डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि गीता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं एवं गीता में बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को प्रशस्त बनाएं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गीता अनुसरण के लिए प्रेरित करना था।